श्री राजीव शर्मा ए.

(02)

राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

निखिल गुप्ता / रामनारायण शर्मा

तारीख हुक्म	133/2018 हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 225 RTA	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28/2/18	अधिवक्ता अपीलार्थी उपस्थित। कार्यालय रिपोर्ट होकर पत्रावली आज प्रस्तुत हुई। पत्रावली दर्ज रजिस्टर करे। अधिवक्ता प्रार्थी / अपीलार्थी की बहस प्रार्थना पत्र स्थगन पर सुनी गई। अधिवक्ता अपीलार्थी ने अपनी बहस मे मुख्य रूप से निवेदन किया कि अपीलान्ट विवादग्रस्त भूमि के जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रेता की हैसियत से राजस्व रिकार्ड मे खातेदार काश्तकार दर्ज है तथा अपनी खाते की आराजी का उपभोग-उपयोग कर रहे है। अपीलान्ट एवं रेस्पोन्डेन्ट संख्या 3 लगायत 7 जो राजस्व रिकार्ड मे खातेदार दर्ज है, ने पुख्ता बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कर अपनी आराजी को महफूज कर उसका उपभोग-उपयोग कर रहे है एवं उक्त आराजी मे रेस्पोन्डेन्ट संख्या 1 व 2 का कोई हस्तक्षेप अथवा वास्ता नही है तथा रेस्पोन्डेन्ट सं. 1 व 2 / वादीगण द्वारा अधिनस्थ न्यायालय के समक्ष तथ्यो को छिपाते हुये नवीन प्रार्थना पत्र 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम प्रस्तुत कर अपीलार्थी को उसके खाते की आराजी के उपभोग-उपयोग से प्रतिबन्धित करवाने का एकपक्षीय आदेश बाला-बाला पारित करवा लिया, जिससे अपीलार्थी को अपूरणीय क्षति कारित हो रही है। अतः ऐसे अविधिक आदेश की क्रियान्विति स्थगित करवाई जावे। हमने बहस अभिभाषक अपीलार्थी	

राजस्व अपील प्राधिकारी जिला जयपुर

राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर

राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	पर गौर किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया। प्रकरण में अपीलार्थी प्रश्नगत भूमि के सम्बन्ध में रिकॉर्डेड खातेदार काश्तकार है, जिनको सुनवाई का अवसर दिये बिना ही उनके खाते की आराजीयात के उपयोग-उपभोग हेतु प्रतिबन्धित किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः आदेश जेर अपील दिनांक 15/2/2018 निरस्त किया जाकर प्रकरण अधिनस्थ न्यायालय को इन निर्देशों के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है वे प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा पर उभयपक्षों को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान कर 30 दिवस की अवधि में गुणावगुण पर निर्णय पारित करें।	
	पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया।	
	राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	

राजस्व अपील प्राधिकारी
जिला-जयपुर